डी0-993/60-3-17

(1185)

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ-226006

पत्रॉकःटीएस-सीसीटीएनएस-06 / 2010 [VI] दिनांकः _/ _/2017

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
महिला एवं बाल विकास अनुभाग-3,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

विषयः- प्रदेश के 11 आशा ज्योति केन्द्रों में स्थापित रिर्पोटिंग पुलिस चौकियों पर सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत ऑन लाइन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

कृपया आप अपने पत्र संख्याः 715/60-3-2017 दिनांकः 03-05-2017 के के साथ-साथ पुलिस महानिरीक्षक(स्थापना) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याः डीजी-चार-101(126)2016 दिनांकः 11-05-2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो 11 जनपदों में आशा ज्योति केन्द्रो में स्थापित महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी पर सीसीटीएनएस द्वारा आन-लाइन एफ0आई0आर0 रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में दर्ज कराये जाने की प्रकिया सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में है।

2- उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत 11 जनपदों के इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकितः 16-02-2017 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि रिपोर्टिंग पुलिस चौकियॉ सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत आच्छादित नहीं हैं, इसलिये इन पर रोजनामचा एवं एफ0आई0आर0 की सुविधा प्रदान नहीं की जा सकती है।

3- परन्तु यदि आशा ज्योति केंन्द्र में इन्टरनेट एवं अन्य उपकरण शासन/पुलिस मुख्यालय से प्राप्त कर स्थापित कर लिए जाये तो निम्न प्रकार से आशा ज्योति केन्द्र पर आने वाले नागरिकों हेतु सुविधाए दी जा सकती हैः-

⇒ उक्त चौकियों हेतु uppolice.gov.in> Citizen Services > Create citizen login पर क्लिक करके निम्न प्रारूप के अनुसार यूजर आईडी बनायें।

- First Name- AJK
- Last Name- जनपद का नाम जिसमें आशा ज्योति केन्द्र स्थापित है।
- Date of Birth- 01/01/1998
- Email ID- आशा ज्योति केन्द्र की ईमेल आईडी।
- ID Type- Any Other
- ID No- आशा ज्योति केन्द्र का CUG/ Other no
- Address- स्थापित आशा ज्योति केन्द्र का पता।
- Mobile No/ Login ID-आशा ज्योति केन्द्र का CUG/ Other no

3271/PSMK/17
31-5

(रेणुका कुमार)

क्रमशः 2/पर

13/6/17

Scanned by CamScanner

⇒ बनाये गये यूजर आईडी से उ0प्र0 पुलिस की ऑनलाइन नागरिक सेवाओं (uppolice.gov.in> Citizen Services) में लाग इन कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं जो सीधे सम्बन्धित थाना को प्राप्त हो जाएगी तथा सम्बन्धित थाना द्वारा पूछताछ के उपरान्त एफआईआर/ एनसीआर का निर्णय स्वयं थाना प्रभारी द्वारा लेकर दर्ज कर ली जाएगी।

⇒ शिकायत की प्रगति शिकायत मेनू में शिकायत के लिए खोज स्थिति पर क्लिक कर प्राप्त की जा सकती है। उक्त आईडी बनाने/ संचालन में किसी तकनीकी सहायता हेतु इस मुख्यालय में कार्यरत श्री कृष्ण मुरारी, प्रोग्रामर ग्रेड–2, मों0नं0– **7839858230** से समन्वय स्थापित किया जा सकता है।

आख्या अवलोकनार्थ प्रेषित।

26/5

**(आशुतोष पाण्डेय)**
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,
लखनऊ

प्रतिलिपिः– अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित।

2– पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को उनके उपरोक्त पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक जनपद–आगरा, बरेली, मेरठ, गाजीपुर, गाजियाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, लखनऊ, इलाहाबाद, गोरखुपर, वाराणसी, पीलीभीत, शाहजहॉपुर, मिर्जापुर, झॉसी, मुजफ्फरनगर, बॉदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

निर्गत
29.5.17

Scanned by CamScanner